बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा CTT (पंचम) का प्रवेश पत्र निर्गत करने तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा CTT, 2026 (पंचम) में सम्मिलित होने वाले आवेदकों, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि स्थानीय निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, 2026 (पंचम) **दिनांक 05.06.2026 से 08.06.2026 तक** CBT (Computer Based Test) के माध्यम से **पटना जिला मुख्यालय** में निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र **दिनांक 25.05.2026** को समिति की वेबसाईट **https://bsebsakshamta.com/login** पर अपलोड कर दिया जाएगा।

2. आवेदक समिति के उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक पर 'Click' कर लॉग इन आई॰डी॰ में अपना **Application No.** एवं पासवर्ड में अपना **जन्म तिथि (DDMMYYYY के पैटर्न में)** अंकित कर लॉगिन कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड/प्रिंट कर सकते हैं।

3. आवेदक वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के उपरांत उसे अपने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) से प्रतिहस्ताक्षरित कराएँगे। बिना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के प्रतिहस्ताक्षर के प्रवेश पत्र मान्य नहीं होगा तथा उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे प्रवेश पत्र में अंकित दिशा–निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा उसका पालन करेंगे। साथ ही प्रवेश पत्र में अंकित तिथि/समय/परीक्षा केन्द्र अनुसार ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे।

5. शिक्षक आवेदकों को CBT के माध्यम से परीक्षा में अभ्यास करने हेतु मॉक टेस्ट का लिंक समिति के उक्त वेबसाईट पर **दिनांक 25.05.2026 से** अपलोड रहेगा। संबंधित आवेदक समिति की वेबसाईट पर 'Click' कर मॉक टेस्ट के माध्यम से CBT परीक्षा का अभ्यास कर सकते हैं।

विज्ञप्ति संख्या– पी॰आर॰ 111/2026

परीक्षा नियंत्रक (विविध)

Follow @ @officialbseb @officialbseb @officialbseb biharschoolexaminationboard